बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (केन्द्र पोषित)

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकने और उसमें वृद्धि करने की एक सकारात्मक पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जैंण्डर अभिनत लिंग चयनित समापन का निवारण करना, बालिका की उत्तरजीविता और संरक्षण सुनिश्चित करना एवं बालिका की शिक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने, सम्मान दिलाने और अवसरों में वृद्धि करने का प्रयास करती है। यह एक राष्ट्रीय अभियान के माध्यम से चयनित जिलों में बहु क्षेत्रीय कार्यवाही पर सकेंद्रित करते हुए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है। वर्तमान में उक्त योजना का संचालन पिथौरागढ़, चम्पावत, हरिद्वार, देहरादून एवं चमोली में किया जा रहा है।